

हमारा दून

# विकास में निजी निवेशकों को भी शामिल करेंगेः मुख्यमंत्री

**लोकार्पण**

■सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में उत्तराखण्ड सचिवालय गैरसैंण का किया शिलान्यास

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में उत्तराखण्ड सचिवालय गैरसैंण का शिलान्यास किया। इसकी अनुमानित लागत 110 करोड़ रूपए है। गैरसैंण भराड़ीसैंण में विधानसभा भवन के बाद अब सचिवालय भी जल्द ही बनेगा। 'इसके अतिरिक्त सीएम ने प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में 240 करोड़ 16 लाख 18 हजार रूपए के अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया। कुल 81 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इनमें 207 करोड़ 24 लाख 75 हजार रूपए लागत के 46 कार्यों का शिलान्यास किया गया जबकि 32 करोड़ 91 लाख 43 हजार रूपए के 35 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के सुनियोजित विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति बनाकर अल्पकालीन व दीर्घकालीन योजनाओं पर काम कर रहे हैं। इसमें विशेषज्ञों की राय ली जाएगी। "आज मुझे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के दूधातोली स्थित समाधि स्थल पर पैदल जाना था। परंतु स्वास्थ्य ठीक न होने से हैलीकाप्टर से जाकर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि अर्पित की। परंतु मुझे वहां पैदल जाना है। जल्द ही मैं वहां पैदल जाउंगा।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आज सिलकोट टी एस्टेट का हवाई सर्वेक्षण किया। हम ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण परिक्षेत्र में अगले 10 वर्ष में 25 हजार करोड़ रूपए खर्च करेंगे। यहां के विकास में निजी निवेशकों को भी शामिल करेंगे।

लोकार्पित किए गए विकास कार्यों में मलारी में खेल को बढ़ावा देने के लिए मिनी स्टेडियम का निर्माण लागत 35 लाख, मलारी नीति मोटर मार्ग के मेहरगांव तक 1.5 किलोमीटर का डामरीकरण लागत 20 लाख, कर्णप्रयाग में आई.टी. आई से सुभाषनगर तक पैदल पुल का निर्माण लागत 588.36 लाख, उज्ज्वलपुर– बैनोली मोटर मार्ग से ऐरोली तक मोटर मार्ग का नव निर्माण लागत 96.70 लाख, किमधार–स्यान–किशनपुर मोटर मार्ग का नव निर्माण लागत 92.12 लाख, महावीर चक्र विजेता सिपाही स्व0 अनुसूया प्रसाद के पैतृक गांव नौना को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग का नव निर्माण लागत 60.20 लाख, अनुसूया माता मन्दिर में यात्री शैड का निर्माण लागत 51.76 लाख, जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में आक्सीजन पाइप लाईन का निर्माण लागत 30.29 लाख, लंगासू में पंचकर्मा हॉल का निर्माण लागत 11.51 लाख, बैरासकुण्ड मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 49.80 लाख, रा0इ0का0 नारायणबगड में कक्षा कक्षों का निर्माण लागत 20 लाख, जनपद चमोली के अन्तर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों का सुदृढीकरण मरम्मत कार्य लागत 15.30 लाख, कलैक्ट्रेट परिसर में पहाड़ी संग्रहालय का निर्माणः जीर्णोद्धार लागत 6.5 लाख, हापला लघुजल विद्युत परियोजना लागत 220 लाख, रिंगाल/वुडन ग्रोथ सेन्टर पीपलकोटी लागत 15 लाख रूपए शामिल हैं।

## इन विकास कार्यो का शिलान्यास

जिन विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया उनमें गैरसैंण शहर एव एडजवांइनिंग आबादी में पेयजल आपूर्ति हेतु रामगंगा नदी पर बांध निर्माण कार्य लागत 6535.64 लाख, विकास खण्ड दशोली में बछेरधार से बछेर गांव तक मोटर मार्ग का नव निर्माण लागत 204.17 लाख, कुण्ड कॉलोनी गोपेश्वर में राजस्व विभाग के टाईप 1 के चार आवासों का निर्माण लागत 52 लाख, बद्रीनाथ में चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य विभागीय स्टाफ हेतु हॉस्टल का निर्माण लागत 100 लाख, बद्रीनाथ में यात्रियों की सुविधा हेतु चार कक्षों का निर्माण लागत 50 लाख, द्रोणगिरी में संजीवनी गार्डन की स्थापना लागत 15 लाख, भराड़ीसैंण से परवाड़ी मोटर मार्ग निर्माण/मरम्मत कार्य स्टेज 1 लागत 504.95 लाख रूपए शामिल हैं।

# गढ़वाली जी एक महान देशभक्त के साथ दूरदृष्टा भी थे

**श्रद्धांजलि**

■ सीएम ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दूधातोली में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी के समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी एक महान देशभक्त के साथ दूरदृष्टा भी थे। उन्होंने पहाड़ की पीड़ा को समझा था। वे दूरस्थ क्षेत्रों के विकास की बात उठाते रहे। दृढ़ निश्चय के धनी थे। वे हम सभी को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।




राज्य निर्माण आंदोलन के शुरूआती दौर से ही गैरसैण को राजधानी बनाने की संकल्पना हर आंदोलनकारी के मन में रही। गैरसैंण भराड़ीसैंण विधानसभा भवन का नाम भी चंद्र सिंह गढ़वाली जी के नाम पर ही है। हमने प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गैरसैंण को राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया है। केवल घोषणा ही नहीं की बल्कि अगले 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रूपए से गैरसैंण परिक्षेत्र में प्रदेश की राजधानी के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं का विकास करने जा रहे हैं। गैरसैंण राजधानी परिक्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति बनाई जाएगी। अल्पकालीन और दीर्घकालिक विकास योजनाएं तैयार की गई है। सचिवालय भी बनाने जा रहे हैं। बड़ी पेयजल योजना पर भी काम कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों की आर्थिकी में भी सुधार होगा।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को क्षेत्र का हाईड्रोलोजिकल सर्वे करवाकर वाटर रिचार्जिंग के लिये वृहद वृक्षारोपण करवाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत, विधायक महेन्द्र भट्ट, सुरेन्द्र नेगी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आंदोलनकारियों के लिए मुख्यमंत्री ने नहीं की घोषणायें, जताई नाराजगी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री तथा विधायकों ने शहीद स्मारक में स्थापना दिवस के अवसर पर शहीदों तथा राज्य आंदोलनकारियों के साथ छल किये जाने का आरोप आंदोलनकारियों ने लगाया है और राज्य स्थापना दिवस पर आंदोलनकारियों के लिए किसी भी प्रकार की कोई घोषणा नहीं की गई है जिस पर आंदोलनकारियों ने नाराजगी जताई है। उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों से अनुरोध है कि घर–घर जाकर भारतीय जनता पार्टी की करनी और कथनी जनता को बताएं।

### ऐतिहासिक वर्चुअल महावीर संदेश महारैली 13 दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जैन मिलन की केंद्रीय महिला संयोजिका मधु जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन समाज के स्वर्णिम इतिहास में पहली बार भारतीय जैन मिलन द्वारा पूरे भारतवर्ष में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2547 निर्वाण वर्ष पर उनके संदेशों को घर–घर पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक वर्चुअल महावीर संदेश महारैली 13 दिसंबर 2020 को रात्रि 7.30 बजे से 9 बजे तक ऑनलाइन होगी। इस महारैली का लाइव फेसबुक, यूट्यूब, पारस चौनल एवं जिनवाणी टीवी चैनल पर प्रसारण किया जाएगा।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भारती एक्सा के साथ मिलकर कार इंश्योबरेंस की पेशकश की

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने घोषणा की है कि वह भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ मिलकर कॉम्प्रीरहेंसिव कार इंश्योरेंस की पेशकश करेगा। यह स्मार्ट ड्राइव प्राइवेट कार इंश्योरेंस दुर्घटना, चोरी और प्राकृतिक तथा मनुष्य जनित आपदाओं के कारण हुई क्षति पर वित्तीय सुरक्षा की पेशकश करता है। यह कार दुर्घटना के कारण अन्य व्यक्ति या संपत्ति को हुई चोट या क्षति का मुआवजा भी देता है। इस बीमा में योजनाधारक के लिये पर्सनल एक्सीडेंट कवर आता है।

### आसुस ने अल्ट्रा पॉवरफुल नये इंटेल लैपटॉप किए लॉच

**संवाददाता** देहरादून। ताइवान की प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, आसुस, ने हाल ही में अपने नये इंटेल संचालित लैपटॉप लॉन्च करने की घोषणा की, जिनमें वीवोबुक अल्ट्रा 14ध्15 (एक्स413ध्एक्स513), वीवोबुक अल्ट्रा के15 (के513), और जेनबुक 14 (यूएक्स425) शामिल हैं। यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर चलते हुए, आसुस उन सभी डिवाइसेज की एक पूरी रेंज लेकर आया है जो जेन जेड की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त इंजीनियरिंग का उपयोग करते हुए तैयार किया है।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती शुरू डायट डीएलएड प्रशिक्षितों का धरना समाप्त

**संवाददाता** देहरादून। पिछले 43 दिनों से नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय ननूरखेड़ा देहरादून में आंदोलनरत डायट डीएलएड प्रशिक्षितों का धरना आखिरकार समाप्त हो गया और सचिव शिक्षा ने भर्ती करने के आदेश जारी कर दिये है। ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रशिक्षितों ने शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे द्वारा तय समय सीमा के अंदर अपना वादा पूरा करने हेतु आभार प्रकट किया और मिठाई बांटकर खुशी जतायी तथा शिक्षा सचिव ,शिक्षा निदेशक,अपर निदेशक एवं समस्त प्राथमिक शिक्षा के सभी कर्मचारियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया। संगठन के मीडिया प्रभारी अमित मैंदोली शासन द्वारा समस्त रिक्त पदों पर भर्ती करने को कहा है विश्वास करते हैं कि राजकीय डायटों से प्रशिक्षित कोई भी डायट डीएलएड इस भर्ती प्रक्रिया में नहीं छूटेगा अगर ऐसा हुआ तो सरकार के प्रशिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न उठ जायेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।